दिल्ली–अहमदाबाद जनता एक्सप्रेस गाड़ी के तीसरे दर्जे के डिब्बे में चांदी की चोरी

551. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री जगन्नाथ राव जोशी :
श्री राम सिंह अहीरवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 3 अप्रैल, 1967 अथवा उसके आसपास दिल्ली अंकलेश्वर पर अहमदाबाद जनता एक्सप्रेस गाड़ी के तीसरे दर्जे के डिब्बे से 17 किलोग्राम चांदी चोरी हो गई थी;

(ख) यदि हां, तो यह चांदी कहां से लाई गई थी; और

(ग) इस सम्बन्ध में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). जी हां, वारदात 1–4–1967 को हुई। पुलिस की रिपोर्ट यह है कि जिस व्यक्ति ने शिकायत की है वह दिल्ली में चांदनी चौक स्थित अपनी दुकान से चांदी अजमेर ले जाने के लिये लाया था।

(ग) दिल्ली की सरकारी रेलवे पुलिस ने भारतीय दण्ड संहिता की धारा 379 के अधीन मामला दर्ज कर लिया है और तेजी के साथ छानबीन की जा रही है।

उधनवाई तथा सिरनापल्ली स्टेशनों के बीच मालगाड़ी की दुर्घटना

552. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अहीरवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 13 दिसम्बर, 1966 के 'हिन्दुस्तान' समाचार पत्र में प्रकाशित हुए समाचार के अनुसार दक्षिण मध्य रेलवे (मीटर गेज) पर उधनवाई तथा सिरनापल्ली स्टेशनों के बीच एक मालगाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी;

(ख) यदि हां, तो दुर्घटना के कारण क्या थे; और

(ग) इस मामले में क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) जी हां। दुर्घटना 11–12–66 को हुई थी।

(ख) दुर्घटना एक माल डिब्बे में असन्तुलित लदान के कारण हुई थी।

(ग) जो कर्मचारी इसके लिये जिम्मेदार पाये गये उनके विरुद्ध उपयुक्त अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

वातानुकूलित रेलगाड़ियां

553. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री राम सिंह अहीरवाल :

क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 1 अप्रैल, 1967 से कितनी वातानुकूलित रेलगाड़ियां चलाई गई;

(ख) इससे सरकार को कितनी आय होने की संभावना है; और

(ग) इसके परिणामस्वरूप कितने लोगों को लाभ पहुंचेगा ?

रेलवे मंत्री (श्री के० मु० पुनाचा) : (क) 1-4-1967 से बम्बई-मद्रास, मद्रास-हावड़ा और हावड़ा-बम्बई (नागपुर के रास्ते) मार्गों पर एक-एक साप्ताहिक वातानुकूल एक्सप्रेस गाड़ी शुरू की गयी है और नयी दिल्ली अमृतसर के बीच सप्ताह में दो बार चलने वाली वातानुकूल गाड़ी को सप्ताह में तीन बार कर दिया गया है।

(ख) प्रत्येक गाड़ियों का अलग-अलग लेखा नहीं रखा जाता ।

(ग) प्रति सप्ताह लगभग 3,600 यात्रियों को ।

Investment in Khetri Copper Mines

554. Shri Himatsingka:
Shri Maddi Sudarsanam:

Will the Minister of Steel, Mines and Metals be pleased to state:

(a) whether any estimate of the total amount invested so far in the Copper Mines at Khetri (Rajasthan) has been made and the amount of the original estimate; and

(b) whether the estimate has been revised and if so, the ultimate amount according to the last estimate?

The Minister of Steel, Mines and Metals (Dr. Chenna Reddy): (a) Expenditure incurred upto the end of March, 1967 in the Copper Mines at Khetri is approximately Rs. 7.00 Crores.

The original estimate for Khetri Copper Project for production of 21,000 tonnes of electrolytic Copper per annum was Rs. 24.44 Crores.

(b) Yes, Sir. The revised estimated capital cost of the enlarged Project is Rs. 78.52 Crores. It will now produce 31,000 tonnes of Copper metal per annum (21,000 tonnes from Khetri and 10,000 tonnes from the ore at Kolihan) along with Sulphuric Acid and 229,500 tonnes of triple super phosphate fertiliser.

उत्तर प्रदेश विधान सभा के सदस्य की हत्या

555. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार सिंह :
श्री राम सिंह अवरवाल :
श्री ओंकार लाल बेरवा :

क्या रेलवे मंत्री 7 अप्रैल, 1967 के तारांकित प्रश्न संख्या 344 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या रेलवे पुलिस तथा गुप्तचर विभाग ने विधान सभा सदस्य दरबारी लाल हत्या-कांड की जांच अब पूरी कर ली है;

(ख) क्या हत्या के कारण और उद्देश्य का पता लग गया है; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है तथा सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) और (ख). अभी नहीं ।

(ग) इन मामले में जिन दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है उनकी शिनाक्त परेड होनी है ।

दीमापुर स्टेशन पर गिरफ्तारियां

556. श्री हुकम चन्द कछवाय :
श्री ओंकार सिंह :

क्या रेलवे मंत्री 31 मार्च 1967 के अतारांकित प्रश्न संख्या 300 के उत्तर के सम्बन्ध में यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दीमापुर रेलवे स्टेशन पर संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पाये गये दो व्यक्तियों के मामले में इस बीच जांच पूरी हो गई है; और

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेलवे मंत्री (श्री चे० मु० पुनाचा) : (क) जी नहीं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।